# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सीईएन - 07/2025 - एनटीपीसी पूर्व-स्नातक स्तर - CEN - 07/2025 - NTPC UNDER GRADUATE LEVEL

| | |
|---|---|
| Test Date | 07/05/2026 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB NTPC UnderGraduate CBT I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **Mathematics**

**Q.1** यदि ₹y की राशि पर वार्षिक रूप से संयोजित होने वाले 10% वार्षिक दर से 2 वर्षों में प्राप्त चक्रवृद्धि ब्याज ₹462 है, तो दो वर्ष की अवधि के अंत में देय कुल राशि _________ होगी।

**Ans**
✔ A. ₹2,662
✘ B. ₹2,962
✘ C. ₹2,762
✘ D. ₹2,862

**Q.2** 7-अंकों की संख्या 46A484B, 24 से विभाज्य है। (A + B) का न्यूनतम मान कितना है?

**Ans**
✔ A. 1
✘ B. 3
✘ C. 6
✘ D. 4

**Q.3** तीन संख्याएँ 4 : 13 : 9 के अनुपात में हैं, और उनका LCM 6084 है। उनका HCF कितना है?

**Ans**
✘ A. 23
✘ B. 48
✔ C. 13
✘ D. 12

**Q.4** दो धनात्मक संख्याओं का योगफल 27 है और उनका गुणनफल 170 है। उनके बीच का धनात्मक अंतर ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✘ A. 2
✘ B. 19
✔ C. 7
✘ D. 12

**Q.5** एक समचतुर्भुज का परिमाप 100 मीटर है और इसके एक विकर्ण की लंबाई 14 मीटर है। दूसरे विकर्ण की लंबाई ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✔ A. 48 मीटर
✘ B. 42 मीटर
✘ C. 50 मीटर
✘ D. 40 मीटर

| | | |
|---|---|---|
| Q.6 | यदि किसी दो अंकों की संख्या के अंकों का योग 9 है और उसमें 27 जोड़ने पर उसके अंक उत्क्रम हो जाते हैं, तो उस संख्या का इकाई अंक ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | ✗ A. 4<br>✓ B. 6<br>✗ C. 3<br>✗ D. 5 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.7 | एक मशीन के मूल्य में 10% वार्षिक दर से मूल्यह्रास होता है। 2 वर्ष बाद कुल प्रतिशत मूल्यह्रास कितना होगा? | |
| Ans | ✗ A. 21%<br>✓ B. 19%<br>✗ C. 22%<br>✗ D. 20% | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.8 | नीचे दिए गए अनुपातों में से सबसे बड़ा अनुपात कौन-सा है? | |
| Ans | ✓ A. 7 : 11<br>✗ B. 3 : 5<br>✗ C. 5 : 8<br>✗ D. 4 : 7 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.9 | दो घंटियाँ क्रमशः 1,764 सेकंड और 2,268 सेकंड के अंतराल पर बजती हैं। शुरुआत में वे एक साथ बजती हैं। कितने समय बाद दोनों घंटियाँ पहली बार फिर से एक साथ बजेंगी? | |
| Ans | ✗ A. 4 घंटे 36 मिनट 24 सेकंड<br>✗ B. 4 घंटे 18 मिनट 12 सेकंड<br>✗ C. 4 घंटे 12 मिनट 18 सेकंड<br>✓ D. 4 घंटे 24 मिनट 36 सेकंड | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.10 | निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या 6 से पूर्णतः विभाज्य है? | |
| Ans | ✗ A. 8,91,452<br>✗ B. 5,47,821<br>✗ C. 6,42,538<br>✓ D. 7,53,216 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.11 | उस गोले का व्यास (निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए जिसका पृष्ठीय क्षेत्रफल 28962 $cm^2$ है।<br>($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए) | |
| Ans | ✗ A. 98 cm<br>✗ B. 108 cm<br>✗ C. 48 cm<br>✓ D. 96 cm | |

Q.12 BODMAS नियम का उपयोग करके निम्नलिखित व्यंजक को सरल कीजिए।

$$\frac{3}{4} + \left(\frac{5}{6} \times \frac{9}{10}\right) - \frac{2}{3}$$

Ans
- ✗ A. $\frac{13}{5}$
- ✗ B. $\frac{3}{5}$
- ✓ C. $\frac{5}{6}$
- ✗ D. $\frac{6}{5}$

Q.13 A और B एक व्यवसाय में 5 : 7 के अनुपात में निवेश करते हैं। 4 महीने बाद, C व्यवसाय में A के निवेश के बराबर धनराशि का निवेश करके शामिल हो जाता है। एक वर्ष के अंत में, कुल लाभ ₹92,000 है। साझेदार B और C के हिस्से का योगफल (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. ₹49,600
- ✓ B. ₹62,000
- ✗ C. ₹64,400
- ✗ D. ₹66,800

Q.14 दो संख्याओं का अनुपात 3 : 5 है। यदि प्रत्येक संख्या में से 6 घटाया जाता है, तो परिणामी संख्याओं का अनुपात 1 : 2 हो जाता है। दोनों मूल संख्याओं के बीच का अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 10
- ✓ B. 12
- ✗ C. 14
- ✗ D. 16

Q.15 प्रथम 15 संख्याओं का समांतर माध्य 82 है। एक संख्या को हटाने पर माध्य में 6 की कमी हो जाती है। हटाई गई संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 164
- ✗ B. 100
- ✓ C. 166
- ✗ D. 142

Q.16 पाइप X, Y और Z मिलकर एक टंकी को 8 घंटे में भर सकते हैं। यदि तीनों पाइप 3 घंटे तक एक साथ चलते हैं, और फिर पाइप Z को बंद कर दिया जाता है, तो X और Y मिलकर शेष टंकी को 10 घंटे में भरते हैं। पाइप Z अकेले खाली टंकी को कितने घंटे में भर सकता है?

Ans
- ✗ A. 24
- ✗ B. 18
- ✓ C. 16
- ✗ D. 32

Q.17 एक दुकानदार एक ही अंकित मूल्य वाले खिलौनों पर निम्नलिखित स्कीमें प्रदान करता है-
(A) कितनी भी संख्या में खरीदे गए खिलौनों पर 16% और 29% की क्रमिक छूट
(B) कितनी भी संख्या में खरीदे गए खिलौनों पर 4%, 34% और 37% की क्रमिक छूट
(C) पहले 4 खिलौनों पर 12% की छूट और उसके बाद प्रत्येक खिलौने पर 27% की छूट
(D) 10 खिलौने खरीदने पर 4 खिलौने मुफ्त
एक ग्राहक 10 खिलौने खरीदना चाहती है। ऊपर दी गई स्कीमों में से कौन-सी स्कीम उसके लिए सबसे कम लाभप्रद है?

Ans
- ✗ A. D
- ✗ B. A
- ✗ C. B
- ✓ D. C

Q.18 180 मीटर लंबाई की एक ट्रेन 72 km/h की चाल से चल रही है। इसे 350 मीटर लंबे पुल को पार करने में कितना समय लगेगा?

Ans
- ✗ A. 23.5 सेकंड
- ✗ B. 27.5 सेकंड
- ✓ C. 26.5 सेकंड
- ✗ D. 24.5 सेकंड

Q.19 वह राशि (₹ में) ज्ञात कीजिए, जिस पर 20% वार्षिक ब्याज दर से 3 वर्षों में साधारण ब्याज के रूप में ₹1,320 होंगे?

Ans
- ✓ A. 2,200
- ✗ B. 4,400
- ✗ C. 1,100
- ✗ D. 792

Q.20 पिछले महीने, किसी फल विक्रेता ने ₹600 प्रति बॉक्स की दर से आम बेचे थे। इस महीने, वह परिवहन लागत के कारण पहले कीमत में 10% की वृद्धि करता है और फिर वर्धित कीमत पर 15% की छूट देता है। आम के एक बॉक्स की अंतिम कीमत कितनी होगी?

Ans
- ✓ A. ₹561
- ✗ B. ₹541
- ✗ C. ₹551
- ✗ D. ₹571

Q.21 एक डीलर किसी वस्तु को 15% लाभ पर बेचता है। यदि उसने इसे 10% कम कीमत पर खरीदा होता और ₹126 कम में बेचा होता, तो उसे 20% का लाभ होता। क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. ₹2,000
- ✗ B. ₹1,200
- ✗ C. ₹1,400
- ✓ D. ₹1,800

Q.22 यदि $4\sin\theta + \operatorname{cosec}\theta = 4,\ 0^\circ < \theta < 90^\circ$ है, तो $\sin 3\theta + \cos 3\theta$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 1
- ✗ B. -1
- ✗ C. 0
- ✗ D. 2

Q.23 एक स्ट्रीमिंग सेवा ₹150 प्रति माह चार्ज करती है। यदि आप 15% छूट के साथ एक वार्षिक प्लान (12 महीने वाला) खरीदते हैं, तो एक वर्ष के लिए मासिक भुगतान की तुलना में आपकी कुल बचत (₹ में) कितनी होगी?

Ans
- ✗ A. 300
- ✗ B. 180
- ✓ C. 270
- ✗ D. 240

Q.24 एक व्यक्ति की वर्तमान आयु उसके पुत्र की वर्तमान आयु के दोगुने से 4 वर्ष अधिक है। 6 वर्ष बाद, दोनों की आयु का योग 58 वर्ष होगा। पुत्र की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 9 वर्ष
- ✓ B. 14 वर्ष
- ✗ C. 10 वर्ष
- ✗ D. 11 वर्ष

**Q.25** दो नल एक टंकी को क्रमशः 2 घंटे और 37 घंटे में भर सकते हैं। तीसरा नल उसे 37 घंटे में खाली कर सकता है। यदि सभी नल एक साथ खोल दिए जाएं, तो खाली टंकी को आधा भरने में कितना समय (घंटों में) लगेगा?

**Ans**
- ✗ A. 2
- ✗ B. 3
- ✗ C. 4
- ✓ D. 1

**Q.26** सुनील, ₹7,000 में एक माइक्रोवेव ओवन खरीदता है। वह इसके परिवहन पर ₹400 खर्च करता है और मरम्मत पर ₹600 खर्च करता है। वह ओवन को ₹9,800 में बेचता है। कुल निवेश पर उसका प्रतिशत लाभ कितना है?

**Ans**
- ✗ A. 21.5%
- ✗ B. 20.5%
- ✓ C. 22.5%
- ✗ D. 23.5%

**Q.27** एक व्यक्ति बिंदु P से Q तक 5 km/hr की चाल से चलता है और फिर उसी मार्ग से 10 km/hr की चाल से जॉगिंग करते हुए Q से P तक वापस आता है। यदि कुल 3 घंटे का समय लगता है, तो P और Q के बीच की दूरी कितनी है?

**Ans**
- ✗ A. 15 km
- ✓ B. 10 km
- ✗ C. 20 km
- ✗ D. 5 km

**Q.28** $\left\{\frac{12}{33} \div \frac{12}{2}\right\} \div \left(\frac{3}{7} \times \frac{14}{9} + \frac{3}{11}\right) + \frac{2}{8} \div \frac{31}{25} \text{ of } \frac{25}{8}$ को सरल कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. $\frac{5}{24}$
- ✓ B. $\frac{4}{31}$
- ✗ C. $\frac{5}{36}$
- ✗ D. $\frac{7}{38}$

**Q.29** यदि किसी त्रिभुज की भुजाएं a, b, c हैं और नियत योग a + b + c = 18 है, तो उस त्रिभुज का अधिकतम संभव क्षेत्रफल ($cm^2$) कितना होगा?

**Ans**
- ✗ A. $6\sqrt{3}$
- ✓ B. $9\sqrt{3}$
- ✗ C. $3\sqrt{3}$
- ✗ D. $12\sqrt{3}$

**Q.30** एक कक्षा में 8 लड़कों का औसत अंक 56 है और 4 लड़कियों का औसत अंक 80 है। सभी 12 विद्यार्थियों का औसत अंक कितना है?

**Ans**
- ✗ A. 62
- ✓ B. 64
- ✗ C. 66
- ✗ D. 68

Section : **General Awareness**

| | | |
|---|---|---|
| Q.31 | जल के विद्युत अपघटन के दौरान हाइड्रोजन और ऑक्सीजन किस अनुपात में मुक्त होते हैं? | |
| Ans | ✗ A. 4:1<br>✓ B. 2:1<br>✗ C. 1:1<br>✗ D. 3:1 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.32 | 13 सितंबर 2025 को नई दिल्ली के वाणिज्य भवन में आयोजित अल्पसंख्यक कल्याण के लिए राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों के मंत्रियों के राष्ट्रीय स्तरीय सम्मेलन की अध्यक्षता किसने की थी? | |
| Ans | ✓ A. किरेन रिजिजू<br>✗ B. मोहम्मद ज़मा खान<br>✗ C. ओम प्रकाश राजभर<br>✗ D. जॉर्ज कुरियन | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.33 | भारत में सबसे बड़े भौगोलिक क्षेत्र को कौन-सी प्रकार की प्राकृतिक वनस्पति कवर करती है? | |
| Ans | ✗ A. पर्वतीय वनस्पति<br>✗ B. ज्वारीय मैंग्रोव वनस्पति<br>✗ C. शुष्क उष्णकटिबंधीय कंटक वनस्पति<br>✓ D. उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वनस्पति | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.34 | स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारतीय प्रधानमंत्री राष्ट्रीय ध्वज कहाँ फहराते हैं? | |
| Ans | ✓ A. लाल किला<br>✗ B. इंडिया गेट<br>✗ C. जंतर-मंतर<br>✗ D. कुतुब मीनार | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.35 | यूनाइटेड किंगडम (UK) ने जुलाई 2025 में किस देश के साथ केंसिंग्टन संधि (Kensington Treaty) पर हस्ताक्षर किए, जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद दोनों देशों के बीच पहली संधि है? | |
| Ans | ✗ A. जापान<br>✗ B. संयुक्त राज्य अमेरिका<br>✗ C. फ्रांस<br>✓ D. जर्मनी | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.36 | निम्नलिखित में से किस केंद्र शासित प्रदेश में विधान सभा है? | |
| Ans | ✗ A. लक्षद्वीप<br>✓ B. दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र<br>✗ C. अंडमान और निकोबार द्वीप समूह<br>✗ D. लद्दाख | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.37 | विंध्याचल सुपर थर्मल पावर स्टेशन ________ में स्थित है। | |
| Ans | ✓ A. मध्य प्रदेश<br>✗ B. गुजरात<br>✗ C. राजस्थान<br>✗ D. छत्तीसगढ़ | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.38 | निम्नलिखित में से कौन-सा पहला अंतरराष्ट्रीय समझौता था, जिसने विशेष रूप से विकसित देशों के लिए विधिक रूप से बाध्यकारी उत्सर्जन कटौती लक्ष्य स्थापित किए थे? | |
| Ans | ✗ A. रियो घोषणा (Rio Declaration)<br>✓ B. क्योटो प्रोटोकॉल (Kyoto Protocol)<br>✗ C. पेरिस समझौता (Paris Agreement)<br>✗ D. बेसल कन्वेंशन (Basel Convention) | |

| | |
|---|---|
| Q.39 | विंडोज 11 फाइल सिस्टम में, C:\Windows\System32\drivers फोल्डर में mydriver.sys नाम की एक फाइल पाई जाती है। इसके फाइल एक्सटेंशन और स्थान के आधार पर, निम्नलिखित में से कौन-सा, इस फाइल के उद्देश्य और वर्गीकरण का सबसे सटीक वर्णन करता है? |
| Ans | ✗ A. यह एक एप्लिकेशन डेटा फ़ाइल है जिसका उपयोग अस्थायी उपयोक्ता सेटिंग्स के लिए किया जाता है और डिस्क स्पेस (disk space) को खाली करने के लिए इसे सुरक्षित रूप से डिलीट किया जा सकता है। |
| | ✓ B. यह एक सिस्टम ड्राइवर फाइल है जो ऑपरेटिंग सिस्टम को किसी विशिष्ट हार्डवेयर घटक के साथ संपर्क (communicate) करने देती है। |
| | ✗ C. यह एक ऑपरेटिंग सिस्टम लॉग फाइल है जो सिस्टम की घटनाओं को रिकॉर्ड करती है और इसे केवल टास्क मैनेजर द्वारा ही पढ़ा जाता है। |
| | ✗ D. यह एक सिस्टम कॉन्फ़िगरेशन फ़ाइल है जिसमें ग्राफ़िकल सेटिंग्स होती हैं और इसे एक मानक टेक्स्ट एडिटर से एडिट किया जा सकता है। |

| | |
|---|---|
| Q.40 | एक्सटेंडेड ASCII, जो मूल 7-बिट ASCII मानक का 8-बिट विकसित रूप है, वर्ण सेट (character set) का विस्तार करके इंटरनेशनल टेक्स्ट को सपोर्ट करता है। यह कुल कितने कोड प्रदान करता है? |
| Ans | ✗ A. अंग्रेजी अक्षरों (English letters) के लिए 128 कोड तक सीमित |
| | ✗ B. वॉयस रिकॉर्डिंग (voice recordings) के लिए 512 कोड |
| | ✗ C. वीडियो कम्प्रेशन (video compression) के लिए 1024 कोड |
| | ✓ D. उच्चारण वाले वर्णों (accented characters) सहित 256 कोड |

| | |
|---|---|
| Q.41 | निम्नलिखित में से किसने, अप्रैल 1930 में चटगांव शस्त्रागार पर बड़े पैमाने पर सशस्त्र हमले का नेतृत्व किया था? |
| Ans | ✗ A. भगत सिंह |
| | ✓ B. सूर्य सेन |
| | ✗ C. चंद्रशेखर आजाद |
| | ✗ D. जतिन दास |

| | |
|---|---|
| Q.42 | पट्टचित्र चित्रकला की उत्पत्ति भारत के किस राज्य में हुई थी? |
| Ans | ✓ A. ओडिशा |
| | ✗ B. राजस्थान |
| | ✗ C. पंजाब |
| | ✗ D. बिहार |

| | |
|---|---|
| Q.43 | अगस्त 2025 में किस फुटबॉल खिलाड़ी को प्रोफेशनल फुटबॉलर्स एसोसिएशन (PFA) प्लेयर ऑफ द ईयर नामित किया गया, जिससे वह यह पुरस्कार तीन बार जीतने वाला प्रथम खिलाड़ी बन गया? |
| Ans | ✓ A. मोहम्मद सलाह (Mohamed Salah) |
| | ✗ B. नेमार (Neymar) |
| | ✗ C. कासेमिरो (Casemiro) |
| | ✗ D. लियोनेल मेसी (Lionel Messi) |

| | |
|---|---|
| Q.44 | निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, सिस्टम सॉफ्टवेयर और एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर के बीच सही अंतर दर्शाता है? |
| Ans | ✗ A. एप्लिकेशन सॉफ़्टवेयर ऑपरेटिंग सिस्टम को लोड करता है; सिस्टम सॉफ़्टवेयर उपयोगकर्ता के कार्यों को पूरा करता है। |
| | ✓ B. सिस्टम सॉफ़्टवेयर हार्डवेयर का प्रबंधन करता है; एप्लिकेशन सॉफ़्टवेयर उपयोगकर्ता के कार्यों को पूरा करता है। |
| | ✗ C. सिस्टम सॉफ़्टवेयर उपयोगकर्ता के कार्यों को पूरा करता है; एप्लिकेशन सॉफ़्टवेयर हार्डवेयर को नियंत्रित करता है। |
| | ✗ D. दोनों एक ही कार्य करते हैं |

| | |
|---|---|
| Q.45 | किस संशोधन अधिनियम द्वारा भारतीय संविधान की प्रस्तावना में 'समाजवादी', 'धर्मनिरपेक्ष' और 'अखंडता' शब्द जोड़े गए थे? |
| Ans | ✓ A. 42वां संशोधन अधिनियम |
| | ✗ B. 32वां संशोधन अधिनियम |
| | ✗ C. 52वां संशोधन अधिनियम |
| | ✗ D. 62वां संशोधन अधिनियम |

**Q.46** मुगल काल में प्रांतीय प्रशासन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

कथन I: प्रत्येक सूबे को एक सूबेदार या प्रांतीय गवर्नर के अधीन रखा जाता था, जिसकी नियुक्ति प्रत्यक्ष रूप से सम्राट द्वारा की जाती थी।
कथन II: दारोगा-ए-डाक (Daroga-i-Dak) संचार व्यवस्था को बनाए रखने के लिए उत्तरदायी था।

**Ans**

- ✗ A. कथन I और II दोनों गलत हैं।
- ✓ B. कथन I और II दोनों सही हैं।
- ✗ C. कथन I सही है, जबकि कथन II गलत है।
- ✗ D. कथन I गलत है, जबकि कथन II सही है।

**Q.47** किस संशोधन ने निर्देशक सिद्धांतों पर मूल अधिकारों की प्रधानता को पुनःस्थापित किया?

**Ans**

- ✗ A. 42वां संशोधन
- ✗ B. 84वां संशोधन
- ✓ C. 44वां संशोधन
- ✗ D. 74वां संशोधन

**Q.48** मार्च 2025 में 'अस्तित्व की पुनर्कल्पना: विश्व साहित्य और भाषा में उभरते परिप्रेक्ष्य' विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन किस देश में आयोजित किया गया?

**Ans**

- ✓ A. भारत
- ✗ B. चीन
- ✗ C. इटली
- ✗ D. रूस

**Q.49** निम्नलिखित में से कौन-सा, वसा में घुलनशील विटामिन है जो अस्थि स्वास्थ्य के लिए आंत्र में कैल्शियम के अवशोषण को बढ़ावा देने में सहायता करता है?

**Ans**

- ✓ A. विटामिन D
- ✗ B. विटामिन C
- ✗ C. विटामिन B
- ✗ D. विटामिन A

**Q.50** ध्वनि तरंग के आयाम को बढ़ाने से उत्पन्न ध्वनि पर क्या प्रभाव पड़ता है?

**Ans**

- ✗ A. पिच बढ़ जाती है
- ✓ B. ध्वनि प्रबलता बढ़ जाती है
- ✗ C. ध्वनि की चाल बढ़ जाती है
- ✗ D. आवृत्ति कम हो जाती है

**Q.51** अकबर द्वारा 1571 में शुरू की गई मनसबदारी प्रणाली मुख्य रूप से __________ की एक प्रणाली थी।

**Ans**

- ✗ A. भूमि राजस्व संग्रह
- ✓ B. सैन्य प्रशासन
- ✗ C. न्यायिक सुधार
- ✗ D. धार्मिक सुधार

**Q.52** 2025 में प्रजनन/स्थानांतरण पहल के हिस्से के रूप में कौन-सा वन्यजीव अभयारण्य अपनी पहली मादा चीता (धीरा) की मेजबानी करने के लिए तैयार है?

**Ans**

- ✗ A. गिर वन्यजीव अभयारण्य
- ✓ B. गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य
- ✗ C. रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान
- ✗ D. कूनो राष्ट्रीय उद्यान

Q.53 निम्नलिखित में से कौन-सी सेवा पर्यटन उद्योग का एक मुख्य घटक है?

Ans
- ✗ A. बैंकिंग
- ✗ B. शिक्षण
- ✓ C. आतिथ्य
- ✗ D. बीमा

Q.54 लद्दाख, भारत का केंद्र शासित प्रदेश कब बना?

Ans
- ✗ A. 2021
- ✗ B. 2020
- ✓ C. 2019
- ✗ D. 2017

Q.55 बक्सर के युद्ध के बाद किस द्वैध शासन व्यवस्था को लागू किया गया था?

Ans
- ✗ A. एक ऐसी व्यवस्था, जिसमें फ्रांसीसी और ब्रिटिश शासन को साझा करते थे।
- ✗ B. एक ऐसी व्यवस्था, जिसमें अंग्रेजों ने प्रत्यक्ष रूप से शासन किया था।
- ✗ C. एक ऐसी व्यवस्था, जिसमें नवाब राजस्व एकत्र करता था और कंपनी सेना का रखरखाव करती थी।
- ✓ D. एक ऐसी व्यवस्था, जिसमें कंपनी राजस्व एकत्र करती थी और नवाब प्रशासन संभालते थे।

Q.56 निम्नलिखित में से किस स्थल में मध्यपाषाण काल से लेकर ऐतिहासिक काल तक की प्रागैतिहासिक चित्रकारी पाई जाती है?

Ans
- ✗ A. पट्टदकल
- ✗ B. हम्पी
- ✓ C. भीमबेटका
- ✗ D. नालंदा

Q.57 निम्नलिखित में से कौन-सी तृतीयक सेवाओं की एक विशेषता नहीं है?

Ans
- ✓ A. यह प्रत्यक्ष रूप से प्राकृतिक संसाधनों का प्रसंस्करण करता है।
- ✗ B. इसमें आमने-सामने या दूरस्थ अन्योन्यक्रिया शामिल है।
- ✗ C. इसमें पर्यटन, बैंकिंग और व्यापार शामिल हैं।
- ✗ D. यह प्रायः शहरी क्षेत्रों में स्थित होता है।

Q.58 बंगाल में संन्यासी-फ़कीर विद्रोह के उदय में किस कारक ने सबसे प्रत्यक्ष रूप से योगदान दिया था?

Ans
- ✗ A. ब्रिटिश अधिकारियों द्वारा दी जाने वाली बढ़ी हुई सुरक्षा से ग्रामीण जीवन स्थितियों में सुधार हुआ।
- ✗ B. स्थिर भूमि अधिकारों ने किसानों को राजस्व ठेकेदारों के साथ बातचीत करने की अनुमति दी।
- ✓ C. जबरन कर वसूली और अकाल ने विस्थापित किसानों को विद्रोही समूहों में शामिल होने के लिए बाध्य किया।
- ✗ D. सिंचित खेती के प्रसार ने धार्मिक नेताओं पर निर्भरता कम कर दी।

Q.59 चीन में आयोजित मकाऊ इंटरनेशनल कॉमेडी फेस्टिवल 2025 में किस भारतीय अभिनेता को 'मास्टर ह्यूमर अवार्ड' से सम्मानित किया गया था?

Ans
- ✗ A. अक्षय कुमार
- ✗ B. ऋतिक रोशन
- ✗ C. राम चरण
- ✓ D. आमिर खान

Q.60 भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अंतर्गत, भारत के राष्ट्रपति किसी राज्य में संवैधानिक तंत्र विफल होने की स्थिति में राष्ट्रपति शासन की घोषणा कर सकते हैं?

Ans
- ✗ A. अनुच्छेद 350
- ✗ B. अनुच्छेद 249
- ✓ C. अनुच्छेद 356
- ✗ D. अनुच्छेद 355

**Q.61** FEMA ने FERA को किस वर्ष प्रतिस्थापित किया था?

**Ans**

✗ A. 1994

✗ B. 1990

✗ C. 1998

✓ D. 1999

**Q.62** निम्नलिखित में से कौन-सा संकेतक, मानव विकास सूचकांक (HDI) का घटक नहीं है?

**Ans**

✗ A. प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय

✗ B. शिक्षा सूचकांक

✗ C. जीवन प्रत्याशा

✓ D. निर्धनता रेखा अनुपात

**Q.63** फरवरी 2025 में, अर्धचालक प्रौद्योगिकी (semiconductor technology) में आत्मनिर्भरता के लिए भारत के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम SHAKTI माइक्रोप्रोसेसर पर आधारित IRIS चिप को डिजाइन करने के लिए कौन-सा शैक्षणिक संस्थान उत्तरदायी था?

**Ans**

✗ A. IISc बैंगलोर

✗ B. NIT त्रिची

✓ C. IIT मद्रास

✗ D. IIT दिल्ली

**Q.64** भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद नगरपालिकाओं के गठन का प्रावधान करता है?

**Ans**

✗ A. अनुच्छेद 243P

✗ B. अनुच्छेद 243R

✓ C. अनुच्छेद 243Q

✗ D. अनुच्छेद 243S

**Q.65** उत्तरी मैदानों की निम्नलिखित में से किस पट्टी में सरंध्र पथरीली मृदा होती है, जहाँ सरिताओं (streams) का जल भूमिगत हो जाता है?

**Ans**

✗ A. डेल्टा पट्टी

✗ B. खादर पट्टी

✗ C. तराई पट्टी

✓ D. भाबर पट्टी

**Q.66** बौद्ध त्रिपिटक के निम्नलिखित में से किस पिटक में संघों के नियम वर्णित हैं?

**Ans**

✓ A. विनय पिटक

✗ B. सुत्त पिटक

✗ C. जातक पिटक

✗ D. अभिधम्म पिटक

**Q.67** प्रशांत चंद्र महालनोबिस ने किस संस्था की स्थापना की थी?

**Ans**

✗ A. भारतीय आर्थिक मंच

✗ B. योजना आयोग

✓ C. भारतीय सांख्यिकी संस्थान

✗ D. भारतीय रिजर्व बैंक

**Q.68** प्रकाश का निम्नलिखित में से कौन-सा प्रकाशीय गुण, धूप के चश्मे (sunglasses) को पानी या सड़कों जैसी सतहों से परावर्तित सूर्य के प्रकाश से होने वाली चौंध (glare) को कम करने में सक्षम बनाता है?

**Ans**

✓ A. ध्रुवण (Polarization)

✗ B. विवर्तन (Diffraction)

✗ C. अपवर्तन (Refraction)

✗ D. व्यतिकरण (Interference)

Q.69 विंडोज 11 ऑपरेटिंग सिस्टम (OS) के संबंध में कौन-सा कथन सत्य या असत्य है?

(i) OS एग्जीक्यूशन के लिए प्रोग्राम कोड को सीधे हार्ड डिस्क पर लोड करता है, क्योंकि CPU केवल स्थायी भंडारण से ही कोड एग्जीक्यूट कर सकता है।
(ii) मल्टीटास्किंग के लिए, OS प्रासेसेज को छोटे CPU टाइम स्लाइस (time slice) आवंटित करता है, और उनके बीच तेजी से स्विच करता है, यह एक तकनीक है जिसे टाइम-शेयरिंग (Time-Sharing) के नाम से जाना जाता है।

Ans
- ✗ A. (i) सत्य, (ii) असत्य
- ✗ B. (i) असत्य, (ii) असत्य
- ✓ C. (i) असत्य, (ii) सत्य
- ✗ D. (i) सत्य, (ii) सत्य

Q.70 नवंबर 2025 में, प्रधानमंत्री मोदी ने छत्तीसगढ़ के किस शहर में पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के 60वें अखिल भारतीय सम्मेलन की अध्यक्षता की?

Ans
- ✗ A. भिलाई
- ✗ B. बिलासपुर
- ✗ C. कोरबा
- ✓ D. रायपुर

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.71 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में ‘?’ के स्थान पर निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प आना चाहिए?

G 5, M 12, S 19, Y 26, ?

Ans
- ✓ A. E 33
- ✗ B. J 33
- ✗ C. A 33
- ✗ D. D 33

Q.72 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✓ A. EC−ZA
- ✗ B. RP−NL
- ✗ C. LJ−HF
- ✗ D. OM−KI

Q.73 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?

MCK 10, PFN 13, SIQ 16, VLT 19, ?

Ans
- ✗ A. XPW 24
- ✓ B. YOW 22
- ✗ C. XOV 22
- ✗ D. YPV 22

Q.74 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से, GECD का संबंध CAYZ से है। उसी प्रकार, AYWX का संबंध WUST से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, USQR का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
- ✗ A. QOLN
- ✓ B. QOMN
- ✗ C. QPLR
- ✗ D. QNLN

**Q.75** Uvx अपनी कक्षा में ऊपर से 14वें स्थान पर है और नीचे से 79वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

**Ans**
- ✗ A. 91
- ✗ B. 93
- ✗ C. 90
- ✓ D. 92

**Q.76** शब्द TRAJECTORIES में प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद आने वाले दूसरे अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले आने वाले दूसरे अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने नए अक्षर समूह में कितने अक्षर ठीक दो बार आएंगे?

**Ans**
- ✗ A. दो
- ✗ B. तीन
- ✓ C. चार
- ✗ D. एक

**Q.77** जॉन अपनी कक्षा में नीचे से 16वें स्थान पर है और ऊपर से 29वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कुल कितने विद्यार्थी हैं?

**Ans**
- ✓ A. 44
- ✗ B. 42
- ✗ C. 41
- ✗ D. 43

**Q.78** दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आएगा?

5 14 41 122 ? 1094

**Ans**
- ✗ A. 368
- ✓ B. 365
- ✗ C. 361
- ✗ D. 381

**Q.79** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित रूप से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
- ✗ A. QNT
- ✗ B. MJP
- ✗ C. JGM
- ✓ D. URY

**Q.80** एक निश्चित कूट भाषा में, 'NORM' को '7341' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'ROME' को '3748' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'E' का कूट क्या है?

**Ans**
- ✗ A. 4
- ✗ B. 7
- ✓ C. 8
- ✗ D. 3

**Q.81** एक निश्चित तरीके से KH 13 का संबंध ID 2 से है। उसी प्रकार, LO 9 का संबंध JK −2 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, LJ 7 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

**Ans**
- ✗ A. JG −6
- ✓ B. JF −4
- ✗ C. KF −4
- ✗ D. KG −6

Q.82 यदि '+' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '−' और '×' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

603 + 9 × 18 − 6 ÷ 56 = ?

Ans
✔ A. 15
✘ B. 16
✘ C. 20
✘ D. 11

Q.83 अमित बिंदु Y से ड्राइव करना शुरू करता है और दक्षिण दिशा की ओर 14 km ड्राइव करता है। फिर वह बाईं ओर मुड़कर 35 km ड्राइव करता है, फिर बाईं ओर मुड़कर 68 km ड्राइव करता है। इसके बाद वह बाईं ओर मुड़कर 41 km ड्राइव करता है। फिर बाईं ओर मुड़कर 54 km ड्राइव करता है, और फिर दाईं ओर मुड़कर 53 km ड्राइव करके बिंदु Z पर रुक जाता है। बिंदु Y पर पुनः पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक अन्यथा निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं।)

Ans
✘ A. 61 km; पश्चिम की ओर
✘ B. 57 km; पूर्व की ओर
✘ C. 56 km; पश्चिम की ओर
✔ D. 59 km; पूर्व की ओर

Q.84 सात व्यक्ति, मयंक, निधि, पलक, राकेश, सूर्या, टीना और विवेक एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। राकेश के दाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। निधि, विवेक के ठीक बाएं पड़ोस में बैठी है और विवेक, राकेश के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। पलक, टीना के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठी है, लेकिन पलक किसी भी छोर पर नहीं बैठी है। राकेश, मयंक का निकटतम पड़ोसी नहीं है। टीना और विवेक के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✘ A. एक
✘ B. तीन
✘ C. दो
✔ D. एक भी नहीं

Q.85 सात डिब्बे A, B, C, D, E, F और G एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि उनका क्रम यही हो। A को नीचे से दूसरे स्थान पर रखा गया है। A और G के बीच केवल तीन डिब्बे रखे गए हैं। E को A के नीचे किसी एक स्थान पर रखा गया है। G और F के बीच केवल D को रखा गया है। C को G के ऊपर किसी एक स्थान पर रखा गया है। B और E के बीच कितने डिब्बे रखे गए हैं?

Ans
✘ A. 2
✔ B. 1
✘ C. 4
✘ D. 3

Q.86 शब्द LANGUID के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने नए अक्षर समूह में बाईं ओर से दूसरे अक्षर और दाईं ओर से चौथे अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

Ans
✘ A. 5
✔ B. 4
✘ C. 3
✘ D. 7

Q.87 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, AEHB का संबंध FJMG से एक निश्चित तरीके से है। उसी प्रकार, DHKE का संबंध IMPJ से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, GKNH का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
✔ A. LPSM
✘ B. PLMS
✘ C. PLSM
✘ D. LPMS

Q.88 यदि + का अर्थ - है, - का अर्थ × है, × का अर्थ ÷ है और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

92 - 8 ÷ 311 + 715 × 11 = ?

Ans

✗ A. 965

✗ B. 998

✗ C. 975

✓ D. 982

Q.89 एक निश्चित कूट भाषा में, 'chest shirt coal' को 'ym aw xu' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'coal lake pig' को 'aw yh ky' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'coal' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाता है?

Ans

✗ A. yh

✗ B. xu

✗ C. ym

✓ D. aw

Q.90 एक निश्चित कूट भाषा में,

A + B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A x B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है।'

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'S + D ÷ F x H – K' है, तो S का K से क्या संबंध है?

Ans

✗ A. पत्नी का पिता

✗ B. भाई की पत्नी का पिता

✗ C. पत्नी का भाई

✓ D. भाई की पत्नी का भाई

Q.91 P, Q की पुत्री है। Q, S की पत्नी है। T, X की माता है। T, S की बहन है। T का P से क्या संबंध है?

Ans

✗ A. पति की बहन

✓ B. पिता की बहन

✗ C. बहन

✗ D. माता

Q.92 निम्नलिखित शृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। (गिनती केवल बाएं से दाएं की ओर की जानी है।) (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।)
(बाएं) 9 2 3 1 4 5 6 8 5 4 3 2 1 9 3 4 5 6 7 8 1 2 9 8 3 4 5 2 6 8 2 (दाएं)
ऐसे कितने सम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक पूर्ण वर्ग और ठीक बाद एक विषम अंक है?
(नोट: 1 भी एक पूर्ण वर्ग है।)

Ans

✓ A. तीन से अधिक

✗ B. एक

✗ C. दो

✗ D. तीन

Q.93 R, E, A, D, I, N और G एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
R के बाएं से गिनने पर N और R के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। G, A के बाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है।
D, A के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। D, N के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है। I, G का निकटतम पड़ोसी नहीं है।
E के दाएं से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans

✓ A. D

✗ B. R

✗ C. A

✗ D. G

Q.94 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित प्रकार से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
A. LI-PN
B. NK-RO
C. RO-VT
D. PM-TR

Q.95 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना होगा, भले ही ये सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। आपको तय करना होगा कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं।


कथन: सभी केक, बिस्कुट हैं। सभी पिज्जा, बिस्कुट हैं।
निष्कर्ष (I) : कुछ केक, पिज्जा हैं।
निष्कर्ष (II) : कुछ बिस्कुट, पिज्जा हैं।

Ans
A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
B. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं
C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है

Q.96 यदि संख्या 5973642 के प्रत्येक सम अंक में 2 जोड़ा जाए और प्रत्येक विषम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या के सभी सम अंकों का योगफल कितना होगा?

Ans
A. 20
B. 18
C. 24
D. 16

Q.97 दिए गए आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और प्रश्न का उत्तर दीजिए। विभिन्न सेक्शनों की संख्याएँ किसी संगठन में कार्य करने वाले व्यक्तियों की संख्या को इंगित करती हैं। (नोट: आपको दिए गए डेटा को सत्य मानना होगा, भले ही यह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हो।)




ऐसे कितने कर्मचारी हैं जो जर्मन भी बोलते हैं?

Ans
A. 28
B. 45
C. 41
D. 43

Q.98 उस समुच्चय का चयन करें जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 को लीजिए – 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करना अनुमत नहीं है।)

8 - 3 - 24
5 - 8 - 40

Ans

- ✗ A. 4 - 8 - 43
- ✗ B. 2 - 9 - 15
- ✓ C. 4 - 9 - 36
- ✗ D. 14 - 6 - 34

Q.99 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आएगा?

13 19 31 55 103 ?

Ans

- ✗ A. 203
- ✗ B. 195
- ✓ C. 199
- ✗ D. 190

Q.100 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में ? के स्थान पर क्या आना चाहिए?
SQU TRV USW VTX ?

Ans

- ✗ A. WTX
- ✗ B. WXZ
- ✓ C. WUY
- ✗ D. WVX

"